भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. +156
मंगलवार, 11 दिसम्बर, 2018 / 20 अग्रहायण, 1940 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा

+156. श्री राम विचार नेतामः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के मैनपठ एवं तातापानी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष पैकेज प्रदान किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इसके लिए कितनी धनराशि आबंटित की गयी है और कितनी धनराशि व्यय की गयी है; और

(ग) इस सम्बन्ध में अब तक की प्रगति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय भारत का एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है और इसके चल रहे कार्यकलापों के भाग के रूप में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों तथा उत्पादों के संवर्धन हेतु 'अतुल्य भारत' ब्रांड-लाइन के तहत वार्षिक रूप से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं ऑनलाइन मीडिया अभियान जारी करता है । मंत्रालय की वेबसाइट तथा सोशल मीडिया अकाउंटों के माध्यम से भी संवर्धन कार्य किए जाते हैं । इसके अलावा, भारत और विदेशों में भारतपर्यटन कार्यालय विभिन्न राज्यों की पर्यटन संभावना को दर्शाने के उद्देश्य से विभिन्न संवर्धनात्मक कार्यकलाप संचालित करते हैं।

पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत वर्ष 2015-16 में 99.21 करोड़ रूपए की राशि से छत्तीसगढ़ में जशपुर - कुंकुरी - मैनपत - अम्बिकापुर- महेशपुर - रतनपुर - कुरदार - सरोदादार गंगरेल - कोंडागांव - नथ्यानावगांव - जगदलपुर - चित्रकूट - तीर्थगढ़ में जनजातीय पर्यटन परिपथ के विकास के लिए परियोजना स्वीकृत की गई है । इस परियोजना के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को 49.97 करोड़ रूपए की धनराशि जारी की गई है, जो वर्तमान में कार्यान्वयन के चरण पर है ।

****